Need to set up a Rail Coach Factory on vacant railway land in Khagaria district, Bihar-laid

चौधरी महबूब अली कैसर (खगड़िया): मैं भारत सरकार का ध्यान अपने खगड़िया लोकसभा की ओर ले जाना चाहता हूं । खगड़िया जिला एक अति पिछड़ा जिला है । यह जिला भारत सरकार के नीति आयोग की अति महत्वकांक्षी जिलों की सूची में भी है । खगड़िया जिला में रेलवे की काफी जमीन उपलब्ध है, जिसका अभी कोई उपयोग नहीं किया जा रहा है । मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि उक्त खाली पड़ी जमीन पर रेलवे द्वारा रेल कोच बनाने की फैक्ट्री या कोई रेलवे सामग्री बनाने की फैक्ट्री खोली जाए, जिससे खाली पड़ी जमीन का भी उपयोग हो जाएगा और हमारे क्षेत्र के युवाओं को नौकरी का अवसर भी मिल सकेगा ।